आप अस्पताल का खर्च बर्दाश्त करें। यू० पी० गवर्नमेंट न इसको अभी तक मंजूर नहीं किया है लेकिन बातचीत फिर से चल रही है। अभी थोड़े दिन हुये अलीगढ़ युनिर्वासिटी के वाइस चांस्लर साहब हमारे पास आये थे और उन्होंने अब कहा है कि वह नई योजना स्टेट गवर्नमेंट के द्वारा हमें भेजेंगे। उस वक्त फिर हम गौर करेंगे।

**श्री नवाब सिंह चौहान** : उस अस्पताल के ऊपर लगभग कितना खर्च होगा ?

**राजकुमारी अमृत कौर** : कम से कम पांच सौ मरीजों के लिये अस्पताल बनाना चाहिये और उसके ऊपर करीब ५० लाख रुपये का खर्चा होगा।

**श्री नवाब सिंह चौहान** : इस मेडिकल कालेज के ऊपर केन्द्रीय सरकार का कहां तक नियंत्रण रहेगा ?

**राजकुमारी अमृत कौर** : आप देख लीजिये कि कालेज के ऊपर जो सालाना खर्च होगा, जो रिकरिंग खर्च होगा, वह १,२५ लाख होगा...

**श्री नवाब सिंह चौहान** : नियंत्रण के माने कंट्रोल है। केन्द्रीय सरकार का कितना कंट्रोल होगा।

**राजकुमारी अमृत कौर** : कंट्रोल तो यूनिर्वासिटी का रहेगा।

DR. D. H. VARIAVA: May I ask if there is any complaints received by the Health Minister that in the newly opened colleges the standard of teaching is going down because these institutions are not very well provided, either with equipment or with the teaching staff?

RAJKUMARI AMRIT KAUR: Sir, this is something that I am very well aware of and I am trying to take all measures that I can to stop colleges coming up that are not properly equipped with teaching personnel and equipment.

PLANTS FOR PRODUCTION OF GAS FROM COW-DUNG

†*101. SHRI N. S. CHAUHAN: Will the Minister for FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government have made any arrangements for the manufacture of small low-priced plants to produce gas from cow-dung;

(b) If so, where and at what price such plants are available; and

(c) what is the consumption of such gas at present?

**कृषि मंत्री (डा० पी० एस० देशमुख)**:

(क) नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) गोबर के गैस की देश में खपत का कोई अनुमान प्राप्त नहीं है।

‡[THE MINISTER FOR AGRICULTURE (DR. P. S. DESHMUKH): (a) No.

(b) Does not arise.

(c) No estimates are available regarding the consumption of cow-dung gas in the country.]

---

†Original Notice in Hindi as below:

**गोबर से गैस बनाने के प्लांट**

***१०१. श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गोबर से गैस बनाने के कम कीमत के छोटे छोटे प्लांटों के बनवाने की कोई व्यवस्था की है;

(ख) यदि हां, तो कहां और कितनी कीमत में यह प्लांट मिलते हैं ; और

(ग) गोबर की गैस का इस समय किस मात्रा में इस्तेमाल होता है ?

‡English translation.

**श्री नवाब सिंह चौहान** : आपके कृषि विभाग की तरफ से जो इसकी प्रदर्शनी की जाती है उससे जनता को कहां तक फायदा होता है जब कि आपने जनता के खरीदने के लिये सस्ते प्लांटों को बनवाने की कोई व्यवस्था नहीं की है ।

**डा० पी० एस० देशमुख** : चार फर्मस हैं जो कि इन चीजों को बना रही हैं और जिन लोगों को इसका विश्वास है कि वह फायदेमंद है वे लोग खरीदते हैं।

**श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या सरकार को इसका पता है कि जो चार फर्मों ने इन प्लांटों को बनाया है उनकी क्या क्या कीमतें हैं ?

**डा० पी० एस० देशमुख** : मैं इसको जानता हूं । कई तरह के प्लांट्स हैं, सात सौ रुपये से ले कर दो हजार रुपये के और पंद्रह हजार रुपये तक के हैं।

**श्री किशोरी राम** : ये प्लांट एक साल में कितने तैयार होते हैं ?

**डा० पी० एस० देशमुख** : जैसा प्लांट होगा।

**श्री किशोरी राम** : नहीं, साल में कितने तैयार होते हैं ?

DR. P. S. DESHMUKH: I want notice.

**श्री नवाब सिंह चौहान** : जनता को जानकारी कराने के लिये कि इस प्लांट को फलां फलां फर्म ने बनाया है, इसकी यह उपयोगिता है, इस बारे में सरकार ने क्या कदम उठाया है ?

**डा० पी० एस० देशमुख** : अभी प्लांट के बारे में हमें पूरा विश्वास नहीं हुआ है कि यह बिल्कुल फायदेमंद ही है । उसी वजह से हम एक्सपेरीमेंटल तौर पर उसकी जांच कर रहे हैं । जब तक कि हमें विश्वास न हो जाय कि इसको रिकमेंड करना चाहिये तब तक हम यह चीज़ नहीं करना चाहते ।

**श्री कन्हैयालाल डी० वैद्य** : क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि खेती के लिये जो गोबर उपयोगी वस्तु है उसका कहीं इस तरीके से कोई दुरुपयोग तो नहीं होता है ?

**डा० पी० एस० देशमुख** : इससे कोई गैरफायदा नहीं होता ।

ALL INDIA CATTLE EXHIBITION

†*102. SHRI N. S. CHAUHAN: Will the Minister for FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state the amount Government propose to spend on the All India Cattle Exhibition to be held in Patiala and East Punjab States Union from the 8th March, 1955?

**कृषि मंत्री (डा० पी० एस० देशमुख)** : अखिल भारतीय पशु प्रदर्शनी समिति के द्वारा अखिल भारतीय पशु प्रदर्शनियां की जाती हैं । इस समिति का १५ मार्च, १९५५ से पटियाला तथा पूर्वी पंजाब राज्यसंघ में होने वाली प्रदर्शनी पर एक लाख रुपया व्यय करने का विचार है ।

‡[THE MINISTER FOR AGRUCULTURE (DR. P. S. DESHMUKH): All India Cattle Shows are held by the

---

†Original Notice in Hindi as below:

**अखिल भारतीय पशु प्रदर्शनी**

*१०२. **श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ८ मार्च १९५५ से पटियाला तथा पूर्वी पंजाब राज्य-संघ में होने वाली अखिल भारतीय पशु प्रदर्शनी पर सरकार कितना धन व्यय कर रही है ?

‡English translation.